## स्पीड न्यूज

### अनर्गल बयान से पार्टी को लेना देना नहीं



**विश्रामपुर पलामू।** सोशल साइट पर वायरल विडियो में गोदरमा विश्रामपुर के मणिभूषण पांडेय खुद को कांग्रेसी नेता बताते हुए देश और राष्ट्रहित में भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। इन्हें पार्टी ने पूर्व में ही निकाल दिया था। मणिभूषण पार्टी के किसी पद पर नहीं हैं। इंडिया गठबंधन की पलामू प्रत्याशी ममता भुइयां के साथ सभी कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। तथाकथित कांग्रेसी नेता के अनर्गल बयान से पार्टी को कोई लेना देना नहीं है। इसकी जानकारी विश्रामपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला ने दी।

### रितेश की मौत से गांव में शोक



**मोहम्मदगंज पलामू।** सोनबरसा के स्व मालदेव सिंह (मुखिया जी) के छोटे पुत्र रितेश सिंह (45) का निधन मेदिनीनगर में इलाज के दौरान मंगलवार की रात्रि हो गया। वह काफी दिनों से बीमार थे। दाह संस्कार कोल्हुआ सोनबरसा गांव स्थानीय कोयल नदी घाट पर किया गया, जहां मुखाग्नि भतीजा आर्यन सिंह ने दिया। मौके पर अश्विनी सिंह, शंकर सिंह, राजू सिंह, श्रवण सिंह, परमेंद्र सिंह, संतोष सिंह, नीरज सिंह, धीरेंद्र बैठा, मनोज सिंह, संजय सिंह, मिथलेश सिंह, मणिशंकर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अजय सिंह, धीरज सिंह, अमरेंद्र सिंह, राहुल सिंह, विक्की, बिट्टू सिंह, रामबचन बैठा व कई लोग उपस्थित थे।

### जेएसएलपीएस की महिलाओं ने किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड के जेएसएलपीएस की महिलाओं ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया। महिलाओं ने मतदान संबंधित श्लोगन हाथ में लिये जुलूस की शक्ल में चल रही है। महिलाओं ने चतरा लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को चुनाव के प्रति प्रेरित किया। कहा कि मतदान करना सभीका अधिकार है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी को चुनाव करने की जरूरत है। मौके पर काफी संख्या में जेएसएलपीएस की महिलाएं शामिल थे।

### अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी



**हरिहरगंज पलामू।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। इसी कड़ी में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के निर्देश पर पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के नेतृत्व में बुधवार को बलरा तथा रजवार गांव में छापेमारी की गयी। इस दौरान कई अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया। साथ ही करीब एक क्विंटल जावा महुआ तथा 20 लीटर निर्मित शराब के साथ ही शराब बनाने के उपकरणों को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब के ठिकानों पर पुलिस की सख्ती आगे भी जारी रहेगी। छापामारी में पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार व जवान भी थे।

### वज्रपात से दो बच्चों की मौत से क्षेत्र में शोक

**मोहम्मदगंज पलामू।** अंचल के कोल्हुआ सोनबरसा पंचायत के गाजीबिहरा के लेमुआटीकर टोला निवासी बिनोद पासवान की पुत्री साक्षी (4) की मौत मंगलवार की शाम वज्रपात से हो गयी। साथ ही मोहम्मदगंज के गोलापत्थर टोला के कमेश रजवार के रिश्तेदार के पुत्र बसंत रजवार (13) की मौत भी मंगलवार की शाम वज्रपात में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के लिए ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गयी। युवक गढ़वा जिलान्तर्गत मझिआंव थानान्तर्गत मोरबे भरत पहाड़ी निवासी जोखन रजवार का पुत्र है। वह अपने फूफा के घर गोलापत्थर आया था। वह स्मार्टफोन मोबाइल से घर से बाहर बात कर रहा था, तभी वज्रपात की चपेट में आ गया।

### हर व्यक्ति से मिलने का सशक्त माध्यम है पथ सभा : अविनाश वर्मा




**मेदिनीनगर।** भाजपा ने पथ सभा के तहत हरिहरगंज मंडल के सलैया पंचायत में एक विशाल पथ सभा की। कार्यक्रम में बतौर अतिथि हुसैनाबाद विधानसभा के प्रभारी अविनाश वर्मा और विधानसभा के संयोजक विनोद सिंह मौजूद थे। संचालन स्थानीय मुखिया सनोज गुप्ता जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने की। श्री वर्मा ने कहा कि वर्षों के बाद 2024 का चुनाव देश के साथ हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए हो रहा है, इसलिए हम सबको पूरे मुस्तैदी के साथ 13 मई को अपने प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को जिताकर दिल्ली भेजना है ताकि वह जब वापस आयें तो एक केंद्रीय मंत्री के रूप में हम सबों के बीच रहें। विनोद सिंह ने कहा कि पिछली बार की तरह इस बार उससे अधिक मत देकर अपने प्रत्याशी को जितायें। कार्यक्रम में सत्येंद्र पासवान, पूर्व मुखिया शिवनंदन साव, डा भीष्म सिंह, ओम सिंह धनंजय सिंह, रणधीर सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी तुषार कुमार, उर्मिला देवी मौजूद थे।

### लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिलेगी प्रचंड बहुमत : किसलय तिवारी



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष किसलय तिवारी ने जिले के उंटारी रोड, विश्रामपुर, मोहमदगंज, हैदरनगर मंडल में कार्यकर्ताओं एवं आम जनों से मिलकर एवं बैठक कर भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को अधिक मतों से जिताने पर चर्चा की। मौके पर भाजयुमो जिला महामंत्री श्वेतांक गर्ग, भाजपा नेता विभाग का नारायण पांडे, अमलेश्वर दुबे, अरविंद सिंह, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अभय सिंह भी थे। किसलय ने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी। विपक्षी दलों के लोग जनता के बीच में तरह तरह का भ्रम फैला रहा है,लेकिन आम जनमानस मोदी सरकार के साथ है। खुद भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे विपक्ष के नेता अपनी ईमानदारी का प्रमाण पत्र दिखाते चल रहे हैं।

## युवाओं की धड़कन महिंद्रा 3एक्सओ मात्र 7.49 लाख से प्रारंभ : कमलेश चंद्र मिश्र

- पूरे देश में लॉन्चिंग के साथ रिकॉर्ड बुकिंग : आकर्ष आनंद
- ग्राहकों की पहली पसंद है महिंद्रा वाहन : अरूणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महिंद्रा एक्सयूवी थ्री एक्सओ की भव्य लांचिंग पूरे देश के साथ मेदिनीनगर में भी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के अधिकृत डीलर आनंद मोटर्स में मंगलवार की शाम एसबीआई के चीफ मैनेजर कमलेश चंद्र मिश्र, प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं आनंद मोटर्स के निदेशक आकर्ष आनंद ने सामूहिक अनावरण किया। श्री मिश्र ने कहा कि इस एक्सयूवी में बेहतरीन इंटीरियर और कई नये फीचर्स के साथ बदलाव दिख रहे हैं।





**खास बातें :** पैनोरमिक सनरूफ, लेवल 2 एडीएएस, 360 डिग्री कैमरा, बड़ा इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस चार्जर और काफी सारे सेफ्टी फीचर्स के साथ ही बेहतरीन लुक-डिजाइन और आकर्षक कलर ऑप्शन के साथ आई एक्सयूवी 3 एक्सओ की शुरुआती एक्स शोरूम प्राइस महज 7.49 लाख है। आकर्ष आनंद ने कहा कि पूरे देश में लांचिंग के साथ रिकार्ड बुकिंग की गयी है। महिंद्रा एक्सयूवी थ्री एक्स ओ को 8 आकर्षक कलर ऑप्शंस के साथ पेश किया गया है। एक्सयू 3एक्सओ लुक और डिजाइन के मामले में काफी जबरदस्त है। जिसमें ग्रिल और एलईडी हेडलैंप्स, एलईडी डीआरएल और एलईडी फॉगलैंप्स पर पियानो ब्लैक फिनिश दी गई है। इसके रियर में इनफिनिटी एलईडी टेललैंप दिये गये हैं, जो कि कनेक्टिंग लाइटिंग बार के साथ काफी आकर्षक दिखती इसमें 17 इंच की अलॉय व्हील दी गयी है। महिंद्रा एक्सयूवी थ्री एक्स ओ को फीचर्स के मामले में सेगमेंट की बाकी गाड़ियों के मुकाबले काफी अडवांस रखा गया है। इसमें मल्टी फंक्शनल स्टीयरिंग व्हील, इंफोटेनमेंट और इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर के लिए 10.25 इंच की दो-दो स्क्रीन, हरमन कार्डन का प्रीमियम ऑडियो सिस्टम, एंप्लीफायर और सब-वूफर आदि भी है।

## भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में विश्रामपुर के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क, मांगा समर्थन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर पलामू।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने पार्टी प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में बुधवार को विश्रामपुर प्रखंड के दर्जनों गांव में जंसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान श्री चंद्रवंशी अपने समर्थकों के साथ विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी, घासीदाग, राजखाड़, कौड़िया, गौरा, बघमनवा, घरटिया, चोरटिया, भूखला, सिगसिगी सहित दर्जनों गांव का भ्रमण कर पार्टी प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में लोगो से मतदान करने की अपील की है।

डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने लोगो को मोदी सरकार के कार्यकाल तथा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस दौरान राजखाड़ गांव के दर्जनों ग्रामीण बहुजन समाज पार्टी को छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। जहां सभी लोगो को श्री चंद्रवंशी ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। ग्रामीणों ने भी बार-बार मोदी सरकार, अबकी बार चार सौ पार के नारे लगाये। मौके पर मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, दामोदर यादव, सुनिल चौधरी, ज्ञानचंद राम, सत्यनारायण सिंह, विनोद प्रजापति, मनोज राम, उपेन्द्र यादव, विजय गुप्ता, सुरेन्द्र राम, डब्लू यादव, रणबहादुर पासवान कवलधारी चंद्रवंशी, कृष्णा पाल, रीता देवी, किरण दुबे, अर्चना देवी, शिववंश मिश्रा सहित कई लोग मौजूद

### छतरपुर हाई स्कूल मैदान में गरजे तेजस्वी भाजपा पर किया प्रहार, कहा

## भाजपा देश में विकास के बदले धर्म आधारित नफरत फैला रही

- किसी में हिम्मत नहीं जो संविधान को बदल दे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में जनसभा की गयी। मौके पर पहुंचे बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव एवं मुकेश साहनी का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। तेजस्वी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव पार्टी की नहीं जनहितों की रक्षा के लिए है। संविधान की रक्षा के लिए है। देश को भगवाधारी से बचाने की है। इसलिए आप सभी एकजुट होकर इंडिया गठबंधन राजद प्रत्याशी ममता भुइयां को लालटेन छाप पर बटन दबाकर जितायें। उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि देश का प्रधानमंत्री विकास के बदले धर्म के नाम पर वोट मांग रहे हैं। विगत 10 वर्षों में देश के युवा बेरोजगारी के कगार पर खड़े हैं। प्रधानमंत्री देश की जनता को आश्वासन दिये थे कि करोड़ों युवाओं को नौकरी देंगे लेकिन आज तक एक भी युवा को नौकरी नहीं दिया गया। महंगाई चरम पर पहुंची है।



कार्यक्रम के दौरान बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम व अन्य।

**खास बातें :** गैस बांटकर गैस सिलिंडर के दाम गढ़ाये गये। जिससे लाभुक गैस से दूर हैं। केंद्र सरकार देश के विरोधी दलों पर बेवजह मुकदमा दर्ज कर जेल भेज रही है। श्री यादव ने कहा कि जब मुकदमा से लालू जी नहीं डरे तो उनका बेटा भी डरनेवाला नहीं है। जेल से किसी को डर नहीं है। जब जेल में हमारे भगवान ही जन्म लिये हैं। आज संविधान बदलने की साजिश की जा रही है। इस पर जोर देते हुए कहा कि किसी के हिम्मत नहीं है कि संविधन बदल दे। तेजस्वी भवनाथपुर विस क्षेत्र के बाद छतरपुर पहुंचे थे। देश में हिंदू मुसलमान के बीच नफरत फैलाकर वैमनस्य फैलाने का काम किया जा रहा है।

## प्रदेश प्रवक्ता ऋषीकेश ने कांग्रेसी नेताओं के साथ किया राहुल गांधी का जोरदार स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी झारखंड दौरे पर पहुंचे हैं। इस क्रम में राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, विधायक अंबा प्रसाद, वरिष्ठ कांग्रेसी ने दीपू सिन्हा के साथ भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी जी के साथ भारत यात्री के रूप में कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल यात्रा करने वाले हुसैनाबाद विधानसभा के निवासी और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ऋषीकेश सिंह भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने सबों का अभिवादन स्वीकार किया। साथ ही झारखंड में लोकसभा चुनाव में बेहतर परिणाम की शुभकामना दी। झारखंड प्रदेश के कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी को झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य से भी अवगत कराया और उन्हें आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी।



राहुल गांधी का जोरदार स्वागत करते कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता।

## भाजयुमो पांडू मंडल के कार्यकर्ताओं ने किया युवा चौपाल का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- भाजपा प्रत्याशी बीडी राम को भारी मतों से जिताने पर की गयी चर्चा

**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड के कई स्थानों पर भारतीय जनता युवा मोर्चा पांडू मंडल के कार्यकर्ताओं ने युवा चौपाल का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष जनक शर्मा ने की। भाजयुमो जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय व जिला महामंत्री श्वेतांक गर्ग के निर्देश पर पांडू मंडल के शक्ति केंद्र तीसीबार के ग्राम दरुआ में हुआ। संचालन मंडल महामंत्री मनोरंजन गुप्ता ने किया। युवा चौपाल में भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में मतदान कराने पर चर्चा की गयी। कार्यकर्ताओं ने लोगों से कमल फूल छाप पर वोट देकर बीडी राम को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। कहा कि मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। इधर, तिसिबार बाजार में भी बीडी राम के पक्ष में जनसंपर्क किया गया। कार्यक्रम में अजय दुबे, शंभूशरण सिंह, मनोज विश्वकर्मा, प्रभु विश्वकर्मा, सतीश कुमार, गिरजाशंकर तिवारी भी थे।



## दोबारा चुनाव जीतकर व्यवसायियों की समस्या का करेंगे समाधान: बीडी राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन का 'व्यापारिक हित की बात, सांसद प्रत्याशी के साथ' कार्यक्रम
- 10 सूत्री आकांक्षा पत्र सौंपकर की गयी पूरा करने की मांग

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बीडी राम ने कहा कि व्यवसायी समाज के महत्वपूर्ण अंग होते हैं। व्यवसायी प्रतिदिन लोगों की आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति व उपलब्ध कराते हैं। व्यवसायियों के समस्या का समाधान करना व इनकी सुरक्षा प्रदान कराना सबकी जिम्मेवारी होती है। श्री राम ने कहा कि मुझे पुरा भरोसा है कि आप लोग के सहयोग से मैं पुनः जीत कर आऊंगा और आपके लोक हित एवं व्यवसायिक हित की सभी मांगों को आपके साथ कंधे से कन्धा मिलाकर समाधान करूंगा। श्री राम श्री गुरूतेग बहादुर मेमोरियल हॉल बेलवाटीका में आयोजित फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन का 'व्यापारिक हित की बात, सांसद प्रत्याशी के साथ' कार्यक्रम में बोल रहे थे।



### पाटन एमओ ने किया कई दुकानों का निरीक्षण



**पाटन पलामू।** एमओ संजय कुमार ने बुधवार को प्रखंड के कई जनवितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया। एमओ पीडीएस डीलर सबींदर उपाध्याय, जनार्दन उपाध्याय, पार्वती समुह किशुनपुर विभुति नारायण उपाध्याय सहित दर्जनों पीडीएस दुकानों में जाकर खाद्यान्न स्टॉक व वितरण की जानकारी ली। एमओ ने निरीक्षण के क्रम में दुकान का स्टॉक वितरण का भौतिक सत्यापन किया तथा पीडीएस डीलर को लाभुकों के बीच समय पर खाद्यान्न वितरण करने कि निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने डीलरों को खाद्यान्न शत प्रतिशत वितरण करने एवं सरकार की महत्वाकांक्षी योजना साड़ी धोती चना दाल नमक इत्यादि वस्तुएं का हर हाल में लाभुकों के बीच वितरण करने का निर्देश दिया। कहा कि समय पर राशन वितरण नहीं करने वाले डीलरों पर कार्रवाई की जायेगी।

### नौडीहा के पत्रकार को मातृशोक, प्रेस क्लब के प्रवक्ता सह कार्यसमिति सदस्य ने जताया शोक

**छतरपुर पलामू।** नौडीहा बाजार के हिंदी दैनिक के पत्रकार अमितांशु कुमार की माता जी का अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनके निधन पर रांची प्रेस क्लब के प्रवक्ता सह कार्यसमिति सदस्य अरविंद गुप्ता ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की है।

### परशुराम जयंती पर उमड़ेगा जनसैलाब : अजीत



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के जेबीटी कार्यालय में आयोजित बैठक में लेस्लीगंज प्रखंड के विप्र परिवार को निमंत्रण देने पहुंचे राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी को लेस्लीगंज विप्र परिवार द्वारा पगड़ी और तलवार देकर सम्मानित किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 10 मई को जमदग्नि आश्रम ,प्रदेश कार्यालय, रांची रोड रेड़मा मेदिनीनगर, पलामू में सुबह 11:30 से दोपहर 2 तक पूजन कार्यक्रम तथा संध्या में 3 से प्रसाद वितरण एवं संध्या संध्या 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया है । प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भगवान परशुराम के बताए मार्ग पर चलते हुए हमें समाज को आगे बढ़ाना है। समाज के लोगों में इसे लेकर भारी उत्साह है। 10 मई को होने वाले भगवान परशुराम जयंती महोत्सव का निमंत्रण देने हम आये हैं। आप सभी सनातनी विप्र परिवार के हर एक सदस्य एकता, एकजुट, एकरूपता की मिसाल कायम करते हुए मेदिनीनगर के रांची रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर एकत्रित हों।

## एक ही रात तीन दुकानों में चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- शहर थाना प्रभारी ने किया दुकानों का निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** शहर के चौधराना बाजार में अज्ञात चोरों ने बीती रात्रि को तीन दुकानों में ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना से व्यवसायी भयभीत हैं। ज्ञात हो कि तीन दिन पूर्व उसी बाजार क्षेत्र में चोरों ने पांच दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देने में सफल रहे। मंगलवार की रात्रि में चौधराना बाजार स्थित सुजीत कुमार के होटल में चोरों ने ताला तोड़कर व खिड़की तोड़कर नकद राशि समेत अन्य सामान चुरा ले गये। वहीं अरूण प्रसाद एवं सुरेंद्र प्रसाद के रस्सी दुकान में ताला तोड़कर चोरी किया। जब व्यवसायी बुधवार को सुबह में अपना दुकान खोलने आये तो नजारा को देखते हुए अचंभित रह गये। चोरी की घटना रूई पट्टी में आग की तरह फैल गयी। एकजुट व्यवसायियों ने शहर थाना पहुंचकर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार को पूरी घटना की जानकारी दी।



### न्यू सहेली दुकान के डीलर के रवैये से परेशान हैं लाभुक

**पाटन पलामू।** प्रखंड के हिसरा बरवाडीह के भरदूल राम, मुन्ना राम, सीता देवी, राम किशुन राम, नगीना पासवान, बिकेश्वर समेत कई ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त को ज्ञापन देकर जन वितरण दुकानदार न्यू सहेली महिला विकास समिति से नाम हटाकर जन वितरण दुकानदार दीनानाथ सिंह के पास नाम जोड़ने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा है कि न्यू सहेली दुकानदार द्वारा लाभूकों को समय से राशन वितरण नहीं किया जाता है। कई बार राशन के लिए दौड़ाया जाता है।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

- रेड क्रॉस का मुख्य उद्देश्य मानवता, आपदा में राहत कार्य चलाना, रक्तदान करना
- ब्लड डोनेशन में कुल 11 यूनिट रक्त संग्रह किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस का आयोजन स्थानीय पलामू क्लब में किया गया। इसके बाद विचार गोष्ठी किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डा सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी दुनांत के जन्म दिन के अवसर पर 08मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया जाता है। भारत में इसकी स्थापना 03मार्च 1920 में हुई थी। पहली बार विश्व रेड क्रॉस दिवस 08 मई 1948 को मनाया गया था। रेड क्रॉस का मुख्य उद्देश्य मानवता, आपदा में राहत कार्य चलाना, रक्तदान करना है।



## चुनाव : प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने निजी अस्पताल संचालकों के साथ बनायी रणनीति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर के सभागार में बुधवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक का संचालन बीपीएम पंकज पाण्डेय ने किया।

बैठक में चिकित्सा पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर बैठक की गई है। जिसमें सभी निजी अस्पताल संचालक को बताया गया कि चुनाव कर्मी को चिकित्सा का जरूरत पड़े या वे चुनाव के दौरान बीमार हो जाते है तो निजी अस्पताल बिल्कुल मुफ्त में ईलाज करेंगे। इनपर होने वाले खर्च से संबंधित दस्तावेज बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यालय में देंगे। इसके आलावा चुनाव के दिन सभी अस्पताल में पूर्ण रूप से मेडिकल से संबंधित इमरजेंसी से संबंधित सभी तरह का व्यवस्था रखेंगे ताकि जरूरत पड़ने पर बेहतर ईलाज हो सके। इसके आलावे प्रसव से संबंधित जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु, परिवार नियोजन से संबंधित और सभी तरह का ऑपरेशन से संबंधित दस्तावेज मासिक प्रतिवेदन के साथ जमा करेंगे। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ एम एम प्रसाद, डॉ धीरज कुमार, डॉ विश्वजीत सिंह, एसटी विनोद तिवारी, निजी अस्पताल के संचालक सफीर अंसारी, डॉ वकील रजा, मोहम्मद इल्हाक अंसारी, मधेश्वर सिंह, अशोक सिंह, नेयाज अंसारी, विशाल कुमार, शमशेर आलम, नजरूल हक सहित कई लोग मौजूद थे।



निजी अस्पताल के संचालक साथ बैठक करते प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी।

## गारंटी पर काम कांग्रेस ही करेगी काम, भाजपा ने ठगा : रामचंद्र सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव के आवास पर बुधवार को विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस की घोषणा पत्र में काम करने की गारंटी को धरातल पर उतारा जायेगा ताकि लोगों के समस्या का समाधान हो सके। वहीं उन्होंने भाजपा को जुमलेबाजी की पार्टी करार देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने मंडल डैम का शिलान्यास किया लेकिन अभी तक कोई काम नहीं हुआ। 15 लाख किसी के खाते में नहीं आया। करोड़ों लोगों को सरकार ने वैक्सीन कंपनी से चंदा लेकर जान के साथ खिलवाड़ की।



कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील करते कांगेसी कार्यकर्ता।

**खास बातें :** भाजपा धर्म और जात पात की राजनीति करती है और कांग्रेस सभी धर्म के लोगों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। विधायक ने कहा कि महंगाई का ढोल पीट सत्ता में भाजपा आयी थी लेकिन महंगाई और चरम पर पहुंच गयी। अब भाजपा के जाने का समय आ गया है। कांग्रेस में युवाओं को नौकरी देने की गारंटी है। न्याय के तहत महिलाओं को प्रत्येक साल एक लाख खाते में दी जायेगी। 50% आरक्षण महिलाओं को मिलेगी तथा शक्ति सम्मान के तहत आशा वर्कर और मिड डे मिल और आंगनबाड़ी वर्करों को सैलरी दुगनी की जायेगी। महिलाओं को कानूनी हक तथा सावित्रीबाई फुले के तहत हॉस्टल निर्माण की गारंटी है। कहा कि कांग्रेस के गारंटी में स्वामीनाथन आयोग के तहत किसानों को लाभ दिया जायेगा, कर्ज मुक्ति तथा भुगतान के कार्य होगा तथा उचित आयात- निर्यात का बढ़ावा दिया जाएगा। जीएसटी से खाद बीज और किसानों के अन्य संसाधन पर काम होगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों को 400 रुपए प्रति दिन मजदूरी, स्वास्थ्य बीमा, शहरों में मनरेगा जैसी योजना को कराया जायेगा। दुर्घटना एवं जीवन बीमा तुरंत लागू की जायेगी, सभी को सामान्य हिस्सेदारी और न्याय दी जायेगी।

# यूजी-पीजी पाठ्यक्रम को रूचिकर और रोजगारोन्मुखी बनाने पर चर्चा

दुमका : एसकेएमयू के में बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ स्टडीज की ऑनलाइन बैठक बुधवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता स्नातकोत्तर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ अजय शुक्ल ने की। बैठक में विषय विशेषज्ञ के रूप में भाषाविद मीडिया विशेषज्ञ, प्रयागराज आचार्य पंडित पृथ्वीनाथ पांडेय, हिन्दी साहित्य विभाग अधिष्ठाता भाषा विद्यापीठ महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विवि, वर्धा, महाराष्ट्र अध्यक्ष प्रो अवधेश कुमार, हिन्दी विभाग इलाहाबाद विवि, प्रयागराज, उत्तरप्रदेश के प्रो राजेश कुमार गर्ग वर्चुअल रूप से उपस्थित थे। बैठक में बोर्ड ऑफ का संचालन व विषय प्रवेश विभागाध्यक्ष डॉ अजय शुक्ल ने कराया। नई शिक्षा नीति प्रणाली के आधार पर पाठ्यक्रम बनाकर स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में अमल करने के लिए निर्णय लिया गया। यूजी और पीजी पाठ्यक्रम के सभी यूनिटों का बारीकी से सारगर्भित तौर पर विषय की सार्थकता को ध्यान में रखते हुए विवि के दिशा-निर्देश का पालन किया गया। यूजी एवं पीजी के सिलेबस को यूजीसी के मापदंडों के तहत रूचिकर, ज्ञानवर्धक व्यवहारिक व रोजगारोन्मुखी बनाने का प्रयास किया गया। जहां दूसरे विषयों के छात्रों का हिंदी में रूचि बढ़ाने के साथ कैरियर भी बना सकते हैं। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन विभाग के शिक्षक डॉ अमीर हसन ने किया। बैठक में कुलसचिव डॉ विनय कुमार सिन्हा, देवघर, सहायक प्राध्ययापक डॉ राजेश कुमार सिंह, एसपी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ पुष्पा सोरेन, साहिबगंज कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ प्रसनजीत दास, संत जेवियर कॉलेज, महारो के सहायक प्राध्यापक डॉ महेश कुमार देव आदि मौजूद थे।

# साहिबगंज : वृद्धा आश्रम में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के मार्गदर्शन में प्राधिकार के सचिव सह वरीय सिविल जज बिश्वनाथ भगत ने साहेबगंज के स्नेह स्पर्श वृद्ध आश्रम में विधिक जागरूकता और वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया गया। सचिव ने वृद्धों को संबोधित करते हुए कहा की आपलोगों की सेवा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार सदा उपस्थित है। उन्होंने कहा की किसी कारण से आपलोग परिवार छोड़ कर यहां निवास कर रहे हैं परन्तु कदापि यह भाव आपलोगों के मन में नहीं आना चाहिए, बल्कि यहां पर रह रहे सभी लोग आपके परिवार के सदस्य हीं हैं। मैं आपका बेटा हूं आपही लोगों से हमारा अस्तित्व है। उन्होंने आश्रम में निवास कर रहे अभी वृद्धों की समस्या जानी और उसके निराकरण के लिए सम्बन्धित विभाग को निर्देशित करने की बात कहीं। उन्होंने कहा की सरकार द्वारा वृद्धों के लिए चलाई जा सभी योजना का लाभ दिलाया जायगा। उन्होंने वृद्धों का आयुष्मान कार्ड यहीं पर शिविर लगाकर बनवाने की बात कही। उन्होंने वृद्धजनों को उनके



अधिकारों एवं भरण पोषण के संबंध में भी जानकारी दी गई। उन्होंने मौजूद पीएलवी को सभी वृद्धों की जानकारी एकत्रित कर विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिससे कि उनके बेहतर भविष्य के लिए कार्यवाही की जा सके। उक्त कार्यक्रम में मुख्य लीगल एड डिफेन्स कौंसिल अरविन्द गोयल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स कौंसिल ज्योति कुमारी, डीसीपीओ पूनम कुमारी, पैरा लीगल वालंटियर रेणुका कुमारी, शिला, दिलनवाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बोकारो आगमन कल



बोकारो। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 10 मई को बोकारो में जनसभा को संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए बोकारो के विधायक बिरंची नारायण ने बताया कि 10 मई को बोकारो के सेक्टर 2 सी स्थित दुर्गा पूजा मैदान में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। बोकारो विधायक ने कहा कि कुशल संगठनकर्ता प्रखर वक्ता केंद्रीय रक्षा मंत्री सह पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। उनकी सभा को सुनने के लिए क्षेत्र की जनता भी उत्साहित है। बोकारो विधायक बिरंची नारायण के आवासीय कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष जयदेव राय की अध्यक्षता में केंद्रीय रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर तैयारी बैठक हुई, जिसमें लोकसभा के सह संयोजक रोहित लाल सिंह, शरद महतो, शशिभूषण ओझा, मुकुल कमलेश राय, संजय त्यागी, वीरभद्र प्रसाद सिंह, इंद्र कुमार झा, माथुर मंडल, विनय किशोर, मनोज सिंह, अनिल सिंह, अभय कुमार, गोलू राजू गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बोकारो : हमारे नेता नीतीश कुमार जी थे, हैं और आगे भी रहेंगे : अशोक चौधरी

बोकारो। जदयू के वरीय नेता परवीन कुमार सह वाल्मीकि ने अखबारों में छपी एक खबर के बारे में स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व बियाडा चेयरमैन अशोक चौधरी ने बताया कि निष्कासन संबंधित कोई भी सूचना उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। चौधरी ने इस संदर्भ में कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार जी थे, हैं और आगे भी रहेंगे। पार्टी में रखने या नहीं रखने का अधिकार उन्ही के पास है। अखबारों में छपी भ्रामक खबर की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री तक पहुंचा दी गई है। चुनाव के बाद दल के झारखंड के पुराने वरीय साथियों का राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से पार्टी के वर्तमान संदर्भ सहित संगठन पर चर्चा की बात तय हुई है। जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कहा कि निष्कासन पत्र जारी करने वाला तथाकथित महासचिव विगत लगभग दो तीन वर्षो से मानसिक तौर पर विक्षिप्त है यह सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी के संज्ञान में है। इस तरह का पत्र जारी करने का इनको अधिकार ही नहीं है यह पूरी तरह से फर्जी और गलत है। नेताओं के कार्य शैली पर इस तरह पार्टी कार्यकताओं की राय लेना उनका मंतव्य जानना गलतियों को उजागर करना पार्टी के प्रति वफादारी होती है न कि पार्टी विरोधी गतिविधि। पार्टी के संविधान सम्मत तर्क का जिक्र करना यदि किसी को पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बयान नजर आता है तो यह उनके व्यक्तिवादी सोच का परिचायक है। पार्टी, कार्यकर्ताओं के सामूहिक समर्पण और विचारों से चलती है ना कि व्यक्ति वादी स्वार्थ से। पार्टी की नीतियों संविधान गतिविधियों को नहीं जानने वाले द्वारा पार्टी अनुशासन भंग करने की बात करना हास्यास्पद है।

### बेरमो : युवक के आकस्मिक निधन पर छाया मातम



बेरमो। बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अन्तर्गत पेटरवार प्रखंड के खेतको पंचायत के दोमुहान में लगभग 28 वर्ष युवक मो. जसीम अंसारी का आज आकस्मिक निधन होने से गांव और परिजनों के बीच मातम पसरा हुआ है। अपने पीछे वृद्ध पिता, पत्नि: तरन्नुम खातून के अलावे दो बच्चे क्रमशः 4 वर्ष जमील अख्तर/ 2वर्ष सोएब अख्तर को छोड़ कर गए हैं। मृतक युवक के तीन भाई और है जो रोजगार के लिए महाराष्ट्र में रहते हैं। मृतक यही रह कर दैनिक मजदूरी कर अपने और अपने परिजनों का भारण पोषण करता था। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी की 15 दिन पुर्व ही पैर टूटा है अभी उसका इलाज ही चल रहा है इसी बीच इतना बड़ा हादसा हो गया जिसे सुन कर पुरा सदमे में हैं।

### साहिबगंज: वाहनों के संग्रह स्थल का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



साहिबगंज। लोकसभा चुनाव नामांकन प्रक्रिया उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हेमंत सती ने वाहन कोषांग कार्यों की समीक्षा कर पोलिंग पार्टी के आवागमन हेतू वाहनों का संग्रह स्थल का निरीक्षण किया। उपायुक्त द्वारा निरीक्षण के क्रम में पुलिस लाईन मैदान में बना रहे वाहन संग्रह स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, मोटर यान निरीक्षक, विजय गौतम उपस्थित रहे।

### पीएचडी के ओएसडी बने डॉ इंद्रजीत



दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के ओएसडी पीएचडी एसपी कॉलेज, दुमका के भौतिक विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ इंद्रजीत कुमार को बनाये गये। इस संबंध में कुलसचिव डॉ बिनय कुमार सिन्हा ने एक कार्यालय आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार डॉ. इंद्रजीत को अगले आदेश तक के लिए ओएसडी पीएचडी बनाया गया है। वे अपने समान्य ड्यूटी के अतिरिक्त ओएसडी पीएचडी का कार्यभार संभालेंगे। पीएचडी पंजीयन समेत पीएचडी संबंधित अन्य कार्य में तेजी लाने के लिए कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह के आदेश पर डॉ इंद्रजीत को ओएसडी नियुक्ति किया गया है।

### मतदाता जागरूकता अभियान में मौजूद रहे एलआरडीसी



शिकारीपाड़ा। दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत दरबारपुर मतदान केंद्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से एलआरडीसी अब्दुल समद मौजूद थे। इस दौरान लोगों को लोकसभा चुनाव के प्रति जागरूक किया गया और बताया गया की यह लोकतंत्र का महापर्व है इसमें आप सभी लोग हिस्सा ले और मतदान के दिन घर से निकाल कर सभी मतदान करें और एक दूसरे को मतदान के करने के लिए प्रेरित करें। यह आप लोगों का अधिकार है। साथ ही सभी मतदाता के बीच मतदान जागरूकता पुस्तिका का वितरण किया गया। इस दौरान शिकारीपाड़ा प्रखंड विकास प्राधिकारी एजाज आलम, शिकारीपाड़ा अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर ,शिकारीपाड़ा प्रखंड प्रसार शिक्षा पदाधिकारी अमिताभ झा, शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी हरिप्रसाद साह एवं प्रखंड के प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### पथरगामा थाना क्षेत्र से दो वारंटी गिरफ्तार

**गोड्डा।** जिले के पत्थर गामा थाना क्षेत्र के तुलसी कित्ता और बेल टिकरी ग्राम के मार पीट के मामले में वर्षो से फरार चल रहे गैर जमानती तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है।

### बीडीए कॉलेज पिछरी में चलाया गया स्वच्छता अभियान



बेरमो/फुसरो। बिंदेश्वरी दुबे आवासीय महाविद्यालय पिछरी में बुधवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। यहां प्रभारी प्राचार्य सचिदानंद सिंह सहित शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मियो एवं छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में फैले कूड़ा-कचरा को साफ सफाई किया। प्रभारी प्राचार्य सिंह ने कहा कि महाविद्यालय शिक्षा की मंदिर होता है। परिसर को साफ सफाई रखना हम सभी का दायित्व है। स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। मौके पर प्रो पंकज कुमार जोड़ियार, विनय कुमार सिन्हा, विजय कुमार पांडेय, राजेश कुमार सिंह, आशीष कुमार, हर्षित बरनवाल, कृष्णानंद, सोनू रजवार, सुन्दरम, शेखर हरिलाल, कृष्णनंदन, सावित्री आदि लोग मौजूद थे।

### एसकेएमयू में नामांकन समिति की बैठक आज यूजी में नामांकन शुरू करने को लेकर होगी निर्णय

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में यूजी में नामांकन को लेकर नामांकन समिति की बैठक गुरुवार को होगी। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह करेंगे। बैठक में चार वर्षीय यूजी प्रोग्राम, सत्र-2024-28 का नामांकन शुरू करने पर विचार किया जाएगा। बैठक में कुलसचिव डॉ बिनय कुमार सिन्हा, डीएसडब्लू डॉ जैनेन्द्र यादव, परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार शाह सहित विभिन्न संकाय के संकायाध्यक्ष, विभिन्न स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्ष और कॉलेजों के प्राचार्य उपस्थित रहेंगें। बैठक 11 बजे से विश्वविद्यालय सभागार में रखा गया है। यहां बता दे कुछ दिन पूर्व जैक बोर्ड का इंटरमीडिएट का परिणाम प्रकाशित हुआ है और छात्र नामांकन शुरू होने का इंतजार कर रहे है।

## स्पीड न्यूज

### गोड्डा : ब्राउन शुगर के साथ देशी कट्टा बरामद



गोड्डा। पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कल एसडीपीओ गोड्डा जे पी एन चौधरी के नेतृत्व में डीएसपी प्रशिक्षु कुमार गौरव, थाना प्रभारी गोड्डा दिनेश मोहली, पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक के साथ अन्य पुलिस जवानों ने छापे मारी में ब्राउन शुगर का कारोबार करनेवाले एक संदिग्ध को पकड़ने की कोशिश की लेकिन अंधेरे का लाभ उठाकर आरोपी भागने में सफल रहा। लेकिन घर की तलाशी में ब्राउन शुगर 30 .51 ग्राम बिक्री की डिजिटल मशीन और एक देशी कट्टा बरामद किया। ये रौतारा चौक के निकट गली न०3 वार्ड न 1 निवासी रमेश सिकदार के घर से हुई। रमेश घर से बाहर रहता है उसके संबंधी उसके घर का उपयोग करते हुए ये अवैध कारोबार चला रहे थे।

### साहिबगंज : स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



साहिबगंज। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय साहेबगंज में रेड क्रॉस सोसायटी साहेबगंज के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप एवं स्किल सेल एनीमिया की जांच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ अरविंद कुमार, रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ विजय कुमार, सदस्य सी पी सिन्हा (बोदी बाबू), डॉ तबरेज, डॉ सिरजा कृष्णा, डॉ सुमांत सिन्हा, डॉ राजेश, डीपीएम हीना बर्नवाल, केजीबीवी की प्राचार्या एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

### गोड्डा : सेवानिवृत्ति पर प्रधानाध्यापक के सम्मान में विदाई समारोह



गोड्डा। बुधवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय धमोर्डीह के प्रांगण में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिकंदर यादव के सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धमोर्डीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शशि यादव द्वारा यादव को माला पहनाकर एवं पूर्व मुखिया पुतुल देवी द्वारा पुष्प देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमरनाथ मंडल ने यादव को बैग, छाता, शॉल एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मास्टर ट्रेनर रीतेश रंजन ने कहा कि कोई भी विदा अंतिम नहीं होती, बहुत कुछ जीता रहता है यादों में। सिकंदर यादव की पहली पोस्टिंग इसी विद्यालय में फरवरी 2004 में हुई थी और बीस साल सेवा देने के उपरांत वे इसी विद्यालय से सेवानिवृत भी हो रहे हैं। वही टीम निष्ठा के सदस्यों राजेंद्र पंडित, निलेश कुमार एवं मुरारी प्रसाद शर्मा द्वारा यादव को डायरी एवं पेन भेंट किया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज बालहंस ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्ति नहीं होते हैं। प्रखंड संसाधन सेवी शमीम इकबाल ने यादव को बधाई देते हुए उनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की। विदाई समारोह में अध्यक्ष उमेश यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक मुकुंद यादव, शिक्षक पवन कुमार, पीतांबर कुमार, वीरेंद्र हंसदा, प्रमोद भारती एवं ग्रामीण बेचन यादव, अनिल यादव, शोभाकांत यादव, चंदन समेत दर्जनों व्यक्ति उपस्थित थे।

# देश को एक मजबूत और सशक्त नेतृत्व के साथ स्थिर सरकार सिर्फ मोदी ही दे सकते हैं : डॉ निशिकांत दुबे

गोड्डा विधानसभा के विशहा मंडल के गंधर्वपुर में कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा उम्मीदवार ने किया संवाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** लोकसभा सांसद प्रत्याशी लगातार अपने क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर प्रधान मंत्री मोदी के संकल्प इस बार 400 पार फिर इस बार मोदी सरकार के नारे को साकार करने का आह्वाहन किया है। क्षेत्रीय समस्याओं के साथ विकास की नई संभावनाओं पर बातचीत करते हुए देश की एकता और अखंडता के साथ राज्य में फैले झामुमो सरकार द्वारा किए गए भ्रष्ट्राचार जैसे मुद्दे पर भी बात की। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को इस देश की आवश्यकता है। देश को एक मजबूत और सशक्त नेतृत्व के साथ स्थिर सरकार सिर्फ मोदी ही दे सकते हैं जो क्षेत्रीय विकास के साथ रोजगार के कई अवसर सृजन कर युवाओं की समस्या को दूर करने के प्रयास में हैं। मोतिया में अडानी पावर प्लांट, गोड्डा में रेलवे स्टेशन, जैसे बहुत सारे कार्य किए गए हैं और अभी कई योजनाएं धरातल पर आने वाली है जिससे हजारों रोजगार के अवसर मिलेंगे। राज्य की झामुमो सरकार के शासन व्यवस्था पर करारा प्रहार करते हुए कहा आकंठ भ्रष्ट्राचार में डूबी महागठबंधन के एक प्रमुख राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के सांसद और मंत्रियों के नौकरों के घरों से करोड़ों रुपए निकलना। जिसका इस्तेमाल निश्चित रूप से चुनाव के लिए किया जाना था और मतदाताओं को खरीदने की कोशिश होती उसके पहले ही ईडी के छापे ने कांग्रेस पार्टी के चाल चरित्र और चेहरा को जनता के सामने बेनकाब कर दिया। अधिकारियों के पोस्टिंग और ट्रांसफर से संबंधित दस्तावेज प्राप्त हुए हैं जो चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश थी। आरक्षण पर बयान देकर महागठबंधन के नेताओं ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। मुस्लिमों को आरक्षण देने का कोई प्रावधान नहीं है धर्म के आधार पर बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर ने आरक्षण का विरोध किया था आज संविधान की आवमानना कर दलित और आदिवासियों के हक को छीन कर मुस्लिमों को आरक्षण देने की वकालत कर रहे महागठबंधन के नेता। संविधान की दुहाई देने वाले खुद संविधान की आत्मा में खंजर भोक रहे हैं। आज कांग्रेस के पास न कोई नीति है न नेता। झामुमो के शीर्ष नेता हेमंत सोरेन जमीन के भ्रष्ट्राचार के आरोप में जेल में बंद हैं और इधर मंत्री और भ्रष्ट अधिकारी गरीब जनता के पैसे लूट रहे हैं। महागठबंधन के कई नेताओं पर अपराध और भ्रष्ट्राचार के संगीन आरोप हैं और एक दूसरे को बचाने के लिए एकजुट होकर भाजपा का विरोध कर रहे हैं। आज के कार्यक्रम में गोड्डा विधायक अमित मंडल, जिला भाजपा अध्यक्ष संजीव मिश्र, जिला महासचिव कृष्ण कन्हैया, जिला भाजपा महा सचिव कृष्ण मुरारी चौबे के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ जनता ने नारा बुलन्द करते हुए कहा इस बार चार सौ पार फिर एक बार मोदी सरकार, निशिकांत तुम मत घबराना, तेरे पीछे जनता दीवाना आदि नारे लगाए।

# बोकारो प्लांट के डीएनडब्लू के केबल टनल में अग्नि सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के डीएनडब्लू विभाग के मेन स्टेप डाउन सब स्टेशन के बेसमेंट और उससे जुड़े केबल टनल में फायर रीटार्डेन्ट डोर और फायर बैरियर पैनल का उद्घाटन ईडी पी एंड ए व अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद ने किया। मौके पर सीजीएम अनुरक्षण पीके बैसाखिया सीजीएम सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं बीपी सरतापे सीजीएम डीएनडब्लू एन भाटिया वितरण तंत्र विभाग सुरक्षा अभियन्त्रण विभाग सीईडी अग्नि सेवाएं व अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे। पावर सप्लाई का वितरण केबल के माध्यम से समस्त विभागों को किया जाता है जिसे सुचारू रूप से वितरित करने के लिए प्लांट के सभी विभागों को एचटी केबुल नेटवर्क से जोड़ा गया है। आग लगने की स्थिति में अग्नि रोधक द्वार आग को एक कंपार्टमेंट से दूसरे कंपार्टमेंट में जाने से रोकता है। अग्नि रोधक पैनल केबल के आग को आगे बढ़ने से रोकती है जिससे जान माल का नुकसान कम से कम होता है। डीएनडब्लू विभाग के अग्नि सुरक्षा के प्रबंधन के संदर्भ में जीएम डीएनडब्लू दिलीप कुमार गोंड ने बताया कि केबल टनल में अग्नि सुरक्षा के लिए और भी कदम उठाए जा रहे हैं तथा इसके लिए अग्नि रोधक द्वार और अग्नि अवरोधक पैनल जैसे उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है।

# साहिबगंज : कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की 164वीं रवीन्द्र जयंती समारोह मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**साहिबगंज।** विश्व कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की 164वीं रवीन्द्र जयंती समारोह 8 मई बांग्ला 25 बैशाख बुधवार को साहेबगंज रेलवे स्टेशन परिसर के निकट रेलवे यूनियन कार्यालय में मनाई गई। टैगोर बिचर मंच साहेबगंज के प्रबंधन में पिछले 27 वर्षों से खुले आसमान के नीचे आयोजित होने वाला रवीन्द्र जयंती कार्यक्रम आज एक कार्यालय की छोटी सी जगह में आयोजित करना पड़ा क्योंकि साहेबगंज रेलवे स्टेशन एक मॉडल स्टेशन के रूप में परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। विश्व कवि की मर्मर प्रतिमा पर मुख्य अतिथि एवं आये हुए सभी लोगों की उपस्थिति में माल्यार्पण व पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में साहेबगंज रेलवे के एईएन बेदव्यास ने माल्यार्पण किया। सार्जेंट संजय कुमार, स्टेशन मास्टर साहेबगंज राजा हंस पाठक, डॉ. एएन चक्रवर्ती, डॉ देवब्रत, सुधीर श्रीवास्तव, अनुराग सिंह, जगन्मय मिश्रा, चंदना साहा, रमेश राम, जयप्रकाश वर्मा और डॉ रंजीत कुमार सिंह अध्यक्ष टेगोर विचार मंच और संपादक हिमांशु शेखर गुहा व अन्य ने माल्यार्पण किया। एईएन साहेबगंज वेद व्यास ने कहा-मैं कई वर्षों से शांति निकेतन में रहा हूं और रवींद्रनाथ टैगोर के बारे में जितना भी कहूं कम है। विशिष्ट अतिथि संजय कुमार ने कहा कि मैं एक हास्य कवि हूं, ऐसे कार्यक्रम में उपस्थित होकर सौभाग्य प्राप्त हुआ। सुधीर श्रीवास्तव हिंदी कविता पढ़कर साहित्यिक चेतना को जागृत किया। जगन्मय मिश्र ने रवीन्द्रनाथ की तुलना समुद्र से की और उनके बारे में कुछ शब्द बोले। संपादक हिमांशु शेखर गुहा ने रवीन्द्रनाथ के नाइटहुड त्याग, लंदन यात्रा, गीतांजलि, नोबेल पुरस्कार आदि पर संक्षिप्त भाषणों के माध्यम से सभी भाषा भाषियों को उनकी विभिन्न भाषाओं में लिखी कविताओं, गीतों, उपन्यासों को जानने और पढ़ने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया। डॉ रंजीत कुमार सिंह अध्यक्ष टैगोर विचार मंच ने कहा हमें विश्व प्रसिद्ध लेखक, दार्शनिक, नोबेल पुरस्कार विजेता के रास्ते पर चलना चाहिए। अनुराग सिंह ने सभी को धन्यवाद देते हुए समारोह का समापन किया।

# बोकारो : चिन्मय विद्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** स्थानीय चिन्मय विद्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान आयोजित कर शिक्षकों ने मतदान करने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प लिया। बच्चे भविष्य के नागरिक हैं और उनके मतदान से ही भविष्य की सरकारें बनेंगी तथा देश का भविष्य बनेगा।

इसी संकल्प के साथ मतदान के महत्व समझाने तथा इसके प्रति जागरुकता उत्पन्न करने हेतु विद्यालय में कई कार्यक्रम अयोजित किए गए। इन सभी कार्यक्रमों में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मतदान के महत्व को समझा और संकल्प लिया कि जब वे मतदान के अधिकारी होंगे तब निश्चित ही सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के नीति निर्धारण में अपना योगदान देंगें और वर्तमान में अपने माता पिता सगे संबधियों एवं पड़ोसियों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आग्रह करेंगे ताकि मत प्रतिशत बढ़े।

अभियान के तहत नारा लेखन पोस्टर मेकिंग भाषण नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और बैनर बनाकर मतदाताओं में वोट के प्रति चेतना उत्पन्न करने और उन्हें जागरुक बनाने को लेकर शपथ ली गई। चिन्मय मिशन बोकारो की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती चिन्मय विद्यालय के अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक प्राचार्य सूरज शर्मा उप प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार ने मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम सुनियोजित ढ़ग से संपन्न करने के लिए बच्चों शिक्षकों व अभिभावकों की प्रशंसा की।

# दुमका क्लब में मतदाता जागरूकता को रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

16 लोगों ने किया रक्तदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में तिथिवार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर से कुल 278 यूनिट ब्लड प्राप्त हुए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न प्रखंड मुख्यालय में तिथिवार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में कुल 278 लोगों ने रक्तदान करते हुए मतदाताओं से 1 जून को अपने अपने मतदान केंद्र जाकर लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया। रक्तदान शिविर के अंतिम दिन दुमका क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि जैन ने भी रक्तदान कर मतदाताओं से लोकतंत्र के महत्योहार में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि 1 जून को अपने घरों से निकलकर मतदान अवश्य करें। रक्तदान शिविर में कुल 16 लोगों ने रक्तदान किया।

## स्पीड न्यूज

### लोकपाल संध्या प्रधान ने किया मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण



**गिद्धौर।** बुधवार को लोकपाल संध्या प्रधान मंझगावा पंचायत और गिद्धौर पंचायत में संचालित दर्जनों मनरेगा योजनाओं की जांच करने पहुंचे। उन्होंने गिद्धौर के रतनपुर गांव में बिरसा सिंचाई कुप, मंझगांवां और पिंडारकोंण में आमबागवानी और दीदी वाड़ी का निरीक्षण किया। लोकपाल ने कूप लाभुकों को जल्द से जल्द कूप योजना को पूरा करने और प्राक्कलन के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने रोजगार सेवक को निर्देश दिया कि मनरेगा से हर किसी को जोड़ा जाए और मजदूरों को अन्य प्रदेशों में पलायन होने से रोका जाए। इस मौके पर रोजगार सेवक सतेंद्र कुमार वर्मा समेत लाभुक भी उपस्थित थे।

### आंधी, ओले और बारिश ने मचाई तबाही



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार शाम को आई तेज आंधी, ओले और बारिश ने भारी तबाही मचाई है। प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में लगे सोलर सिस्टम, सिंटेक्स और शौचालय क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बारियातु पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जमुआ में एक पेड़ विद्यालय के शौचालय पर गिर गया, जिससे शौचालय पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बॉय में लगे सोलर सिस्टम लाइट को भी नुकसान पहुंचा है। पहरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहरा में लगे सोलर सिस्टम नल भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं और पानी का सिंटेक्स टंकी हवा से उड़कर नीचे गिर गया है। बारिसाखी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रूपिन में लगे सोलर प्लेट भी आंधी और पानी से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस घटना से प्रखंड भर में सैकड़ों ग्रामीणों के साथ-साथ सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं के भी कई सिस्टम को नुकसान पहुंचा है।

### किशोर की मौत पर मंत्री ने जताया शौक

**चतरा।** मंत्री सत्यानंद भोगता ने हंटरगंज प्रखंड के जबड़ा पंचायत के खजुरिया गांव निवासी संजय यादव के 15 वर्षीय पुत्र कुलदीप कुमार यादव की बिजली के तार की चपेट में आने से हुई मौत पर शोक व्यक्त किया। मंत्री भोगता ने परिजनों से संपर्क कर गहरी संवेदना व्यक्त की और आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने दूरभाष पर परिजनों को सांत्वना दी और सरकारी प्रावधानों के तहत हर संभव मदद और लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

### बरिसाखी में भाजपा कार्यकताओं की बैठक



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत गांव बरिसाखी के दुर्गा मंडप के समीप बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने शक्ति केंद्र बूथ संख्या 157, 158, 159 में उप प्रमुख प्रीतम यादव और संयोजक विनोद साव के नेतृत्व में बैठक की। बैठक में हर हाल में बूथ पर जीत हासिल करने की रणनीति बनाई गई।भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को 157, 158, 159 बूथ से भारी मतों से जीत दिलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मोदी के हाथों को मजबूत करने की बात भी कही गई। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती, लक्ष्मी पांडे, संतोष कुमार दांगी, प्रसादी पासवान, आदित्य सोनी, रोहित कुमार दांगी, मिथिलेश कुमार दांगी, पंकज कुमार, विकास कुमार, बिक्कू, अरुण कुमार दांगी, जगदीश साव और नेयमन साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### तूफान से बेघर हुई शारदा, मदद की गुहार



**गिद्धौर।** पहरा पंचायत गांव की शारदा कुमारी पांडेय का घर मंगलवार को मई को आई आंधी-तूफान में तबाह हो गया, जिससे वह बेघर हो गई। वह अत्यंत गरीब है और उसके पास रहने के लिए कोई दूसरी सुविधा नहीं है। उसे अभी तक सरकार की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिला है। उसने आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाले लाभ के लिए अंचलाधिकारी राकेश सहाय को आवेदन दिया है और मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। उसके दो छोटे बच्चे और वृद्ध सास-ससुर भी हैं। उसका पति घर से दूर जाकर मजदूरी करता है, जिससे परिवार का पालन-पोषण होता है। इस तरह, पूरा परिवार दूसरे के घर में रहने को मजबूर है।

### सिमरिया में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक



**चतरा।** सिमरिया में 11 मई 2024 को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यालय, कान्हाचट्टी में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत होकर निर्णय लिया कि वे अपने प्रधानमंत्री को सुनने के लिए हजारों की संख्या में सिमरिया जाएंगे। बैठक में मंडल प्रभारी सतीश सिंह, मंडल महामंत्री शंकर दयाल सिंह, जिला प्रवक्ता किसान मोर्चा रंजन साहू, रतन शर्मा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह, विक्की सिंह, सीताराम सिंह, महेंद्र राणा, अजय सिंह, शंकर सिंह, सुशील सिंह, रामावतार यादव, रामसेवक यादव, वीरेंद्र सिंह, प्रदीप केसरी, छोटू कुमार पांडे, विनोद सिंह, पप्पू सिंह, अनुग्रह सिंह, सिकंदर सिंह, राहुल शर्मा, जयप्रकाश सिंह, विजय कुमार सिंह, प्रकाश राम, विभूति नाथ, गोपाल कुमार सिंह, तुलसी साहू, प्रमोद कुमार तिवारी, भरत शाह, राजेश कुमार दुबे, राजू विश्वकर्मा, दिलीप सिंह, गोविंद सिंह, मिथलेश सिंह सहित कई वरिष्ठ और समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कोषांग की समीक्षा बैठक की, दिये कई दिशा-निर्देश

# बीडीओ व सीओ अपने-अपने क्षेत्र में अलर्ट मोड में निगरानी करें : डीईओ

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारलाज की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित सभी कोषांगों की समीक्षा बैठक की गयी। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांग के पदाधिकारियों को समन्वय के साथ प्रभावी तरीके से कार्य करने का निर्देश दिये। उन्होंने जिला अग्रणी प्रबंधक को किसी भी प्रकार की संदेहास्पद ट्रांजेक्शन से संबंधित रिपोर्ट संबंधित कोषांग को उपलब कराने का निर्देश दिये। साथ ही क्षेत्र के बीडीओ व सीओ को अपने-अपने क्षेत्र में चौकन्ना के साथ निगरानी करने का निर्देश दिये। वहीं सीसीटीवी के संदर्भ में सभी जरूरी एवं वंचित स्थानों पर सीसीटीवी कार्यरत हो सुनिश्चित करें, प्रशिक्षण कोषांग के अगले चरण के प्रशिक्षण पूरी करने का निर्देश दिया गया। वहीं वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप वितरण को लेकर सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि शत् प्रतिशत वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप का वितरण मतदाताओं के बीच करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में एसपी अनुदीप सिंह, डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजुर, एसडीओ रिया सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डीएसओ अविनाश पुरेंदु, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा शंकर समेत अन्य मौजूद थे।

## मनोज तिवारी को समाज से माफी मांगनी चाहिए : चंद्रवंशी मंच

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** चंद्रवंशी विकास मंच के अध्यक्ष दीपक कुमार नवीन, सचिव महेश भारती ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चंद्रवंशी समाज के प्रति अभद्र व्यवहार किया है। इससे चंद्रवंशी समाज को काफी आहत पहुंची हैं। जिसको लेकर चंद्रवंशी विकास मंच भाजपा के शीर्ष नेताओं से मांग करती है की मनोज तिवारी प्रेस कांफ्रेंस कर समाज से माफी मांगे। ऐसा नहीं करने पर भाजपा को लोक सभा चुनाव में भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। चंद्रवंशी समाज के मतदाताओं की संख्या लोकसभा क्षेत्र में तीन लाख से भी ज्यादा है। अगर भाजपा मनोज तिवारी के ऊपर कोई कारवाई नही करती है तो कोडरमा लोक सभा क्षेत्र सहित पूरे देश से भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए चंद्रवंशी विकास मंच लोक सभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी से भी मांग करती है की मनोज तिवारी के लारा इस तरह के समाज के प्रति जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें। वहीं समाज के शीर्ष नेताओं जो कई अन्य राजनीतिक दलों के अंदर काम कर रहे हैं वे भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अपने अपने दल के नेताओं का भी प्रतिक्रिया व्यक्त करवाने का काम करें, ताकि यह समझ में आ जाय की कौन सा राजनीतिक दल चंद्रवंशी समाज को कितना तरहीज देती है।

## महागठबंधन प्रत्याशी विनोद सिंह के पक्ष में चला जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड में गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में लगातार जनसंपर्क अभियान व बैठक किया जा रहा है। इस निमित गमहरबाद में कांग्रेस नेत्री सह पूर्व मुखिया अर्चना सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गयी। वहीं बैठक का संचालन राज्य कमेटी सदस्य विजय पासवान ने किया। वहीं गठबंधन के वक्ताओं ने कहा जनता की अपार समर्थन मिल रहा है, लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। पिछले दस बार भाजपा के सांसद बने एवं लगातार कोडरमा लोकसभा के लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री रहते हुए शिक्षा के क्षेत्र में कोई योगदान नहीं रहा। कोडरमा विधानसभा के साथ बरकट्ठा विधानसभा में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है। क्षेत्र की जनता के लिए उन्होंने कोई काम नहीं किया। उन्हें बताने के लिए कुछ नहीं है मोदी के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद सबसे फिसड्डी सांसद साबित हुई है। क्षेत्र की जनता सब जान चुकी है इस बार धोखे में नहीं आने वाली है। बैठक में लोगों से क्रमांक संख्या 7 पर झंडे में तीन तारा पर बटन दबाकर विजय बनाने का अपील किया गया। जनसंपर्क अभियान में अशोक यादव, मो. इब्राहिम, तसव्वर खान, मिशुवाउदिन, मुंना यादव, असगर अंसारी, नंदिता भट्टाचार्य, विजय कुमार, गणेश राम, काली सिंह, नागेश्वर सिंह, गीता देवी, अशोक राणा, नारायण सिंह, महावीर शर्मा, चांद अख्तर, सुरेंद्र सिंह, जगमोहन महतो, रितिक राज, महेश दास, विजय ठाकुर, हकीम खान, इस्लाम अंसारी, श्रीकांत ठाकुर, दुलारचंद दास समेत कई लोग मौजूद थे।

रविंद्र नाथ टैगोर की 163वीं जयंती मनी

### टैगोर के विचारों को जीवन में उतारने का किया आह्वान



झुमरीतिलैया (कोडरमा)। झारखंड बंगाली एसोसिएशन की कोडरमा बंगाली शाखा की ओर से बुधवार को कवि गुरु रविंद्र नाथ टैगोर की 163वीं जन्मदिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं अड्डी बांग्ला रोड स्थित रविंद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में समिति सदस्यों के अलावा बच्चों लारा मनमोहक रविंद्र संगीत गीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष आलोक सरकार ने कवि गुरु रविंद्र नाथ टैगोर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका दर्शन बिल्कुल मानवतावादी दर्शन है। उन्होंने कहा कि रविंद्र नाथ के गीत विश्व भावना से ओत प्रोत है। वहीं विश्वजीत दत्ता ने टैगोर के विचारों को आत्मसात कर जीवन में उतारने का आह्वान किया। इसके अलावा सोमापाल ने टैगोर की कविताएं पेश की। मौके पर गौतम पाल, अंतरा घोष, आरोही, प्रिंसी, किरण सही कई बच्चे व समिति सदस्य मौजूद थे।

### अभिभावक सम्मेलन में मतदान का संकल्प

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर लारा अभिभावक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के अभिभावक, आचार्य एवं दीदी उपस्थित थे। वहीं प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहु ने मतदान के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि मतदान हमारा कर्तव्य है, मतदान हमारा संवैाानिक अधिकार है। वहीं उपस्थित अभिभावकों ने मतदान करने हेतु अपने पड़ोसियों को इस संबंध में जागरूक करने की बात कही। मौके पर सभी आचार्य, दीदी समेत अभिभावक मौजूद थे।

### वज्रपात की चपेट में आने से एक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मरचोई पंचायत के गोनरडीह निवासी 40 वर्षीय संजय राजवंशी पिता जागो राजवंशी वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम क्षेत्र में तेज आंधी व पानी के साथ ओलावृष्टि होने लगी। बारिश व ओलावृष्टि के दौरान ही मृतक अपने घर से किसी कार्य के लिए बाहर निकला ही था कि तभी तेज गर्जन के साथ वज्रपात हुई और वह वज्रपात की चपेट में आ गया तथा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं परिजन की चीख पुकार सुनकर आस पास के लोग भी इक्ठा हुए तथा आनन फानन में 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया, जहां चिकित्सक लारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया, इसी दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। मृतक अपने परिवार का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था। वहीं मृतक अपने पीछे पांच पुत्री व एक पुत्र छोड़ गया। जिसमें दो पुत्री व एकलौता पुत्र अविवाहित है। घटना से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है एवं परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### मतदाता जागरूकता को लेकर मेडिकल कैंप 10 को

**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता तथा मतदान के प्रति जागरूक करने को लेकर 10 मई 2024 को सीएच प्लस टू विद्यालय रजगड़ीया रोड झुमरीतिलैया में आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए मेडिकल कैंप का आयोजन किया जायेगा। जिलेवासियों से अपील है कि मेडिकल कैंप में अधिक से अधिक संख्या में मतदाता शामिल हों और अपना हेल्थ चेकअप कराएं। 20 मई 2024 को नैतिक मतदान करने के लिए अपने घर से निकलें और मतदान अवश्य करें।

## भाजपा चुनाव कार्यालय का किया गया उद्घाटन



**सतगावां (कोडरमा)।** लोकसभा चुनाव को लेकर सतगावां मंडल में बुधवार को नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने भाजपा चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर अभिमन्यु प्रसाद, अजित यादव, जयशंकर प्रसाद, प्रदीप यादव, बिनोद यादव, अनिल यादव, नरेश यादव, पूर्व मुखिया चंद्रिका यादव, अनिल सिंह, शिवराज सिंह, चंद्रिका प्रसाद यादव, अरविंद सिंह, राकेश कुमार, पुरुषोत्तम सिंह, राजेन्द्र सिंह, अरविंद रविदास, अरविंद सिंह, रंजीत सिंह, बालमुकुंद सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### वज्रपात से एक की मौत



**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना अन्तर्गत पिपराही में मंगलवार की देर शाम बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में 30 वर्षीय मो. गुलाम रसूल पिता समसुद्दीन मियां की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार वह बाराडीह से मजदूरी कर अपने घर जा रहा था, इसी दौरान 7:30 बजे वज्रपात होने से उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने जनसंपर्क अभियान चला लोगों से मांगा आशीर्वाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** चतरा लोक सभा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी ने बुधवार को टंडवा प्रखंड में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से जीत का आशीर्वाद मांगा। सुबह 7 बजे धनगडा चौक में महागठबंधन के कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया और फूल माला पहनाई। त्रिपाठी ने टंडवा उत्तरी क्षेत्र के प्रत्येक गांव, कस्बे और पंचायत में जाकर लोगों से मुलाकात की और हाथ छाप पर बटन दबाकर वोट करने की अपील की। दोपहर 1 बजे उन्होंने शहीद चौक टंडवा में शहीद राजेश दास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह पर तंज कसते हुए त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी कहते हैं कि जनता के पास कोई समस्या नहीं है, लेकिन मैं कहता हूं कि यहां जल, जंगल और जमीन जनता की है और औद्योगिक कंपनियों के अधिकारी यहां की हवा खा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे उन्हें एक बार जीत दिलाएं और वह टंडवा में अफसरशाही का खात्मा करेंगे और विस्थापन की समस्या का समाधान करेंगे। इस जनसंपर्क कार्यक्रम में चतरा जिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता, विस्थापित नेता तिलेश्वर साहू, बीस सूत्री अध्यक्ष सुबाष यादव, जेएमएम नेता मनोज चंद्रा, आरजेडी प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी, मो आशिक, देवकी रजक, शहबाज अंसारी, मो. मोईन अंसारी, गोविंद पांडा, जागेश्वर दास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# आर्यन हॉस्पिटल में लगा रक्तदान शिविर

## लोगों को अधिक से अधिक ब्लड डोनेट करना चाहिए : डॉ.प्रवीण

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** झुमरीतिलैया वर्ल्ड रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर आर्यन हॉस्पिटल के डॉ.प्रवीण कुमार के लारा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में विनोद कुमार सिंह, सुल्तान खान, अंजनी कुमार सहाय, सौरभ कुमार, शुभम विश्वास ने रक्तदान किया। वहीं रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अजीत बर्णवाल ने कहा कि 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस डे हेनरी डोनेट की जयंती पर मनाते हैं। इन्हें नोबेल पुरस्कार भी दिया गया था। यह एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था है। वहीं डॉ.प्रवीण कुमार ने कहा कि ब्लड देने से शरीर फिल्टर होता है। इस लिए लोगों को अधिक से अधिक ब्लड डोनेट करना चाहिए। मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष मुन्ना सुल्तानिया, दिनेश कुशवाहा, अरविंद सेठ, आनंद सामंता, गणेश स्वर्णकार आदि लोग मौजूद थे।

# इटखोरी पुलिस ने चोरी की 5 बाइक के साथ तीन चोरों को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** इटखोरी पुलिस ने अंतर जिला बाइक चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की पांच बाइकें, बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार लोगों के नाम है अमर भुइयां (पिता कारू भुइयां) ग्राम तेतुलिया भागलपुर कतरास जिला धनबाद, सचिन कुमार यादव (पिता शम्भू यादव) ग्राम कुबरी चौपारण, छोटन कुमार(पिता लेढो भुइयां)ग्राम डोइया चौपारण निवासी है। सभी को स्वास्थ्य जांच के बाद जेल भेज दिया गया। घटना की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि पांच मई की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे बघमुंडी गांव निवासी सोनू कुमार, पिता बासुदेव दांगी के ससुराल नगवां निवासी चेतो दांगी के घर के से दो बाइक की चोरी हो गई थी। घटना को लेकर उसने 6 मई को प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस अधीक्षक महोदय चतरा के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस उपाधीक्षक (मु०) महोदय चतरा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने चौपारण थाना क्षेत्र से सरदारपुर स्थित होटल और ग्राम डोईया से पांच चोरी के मोटरसाईकिल के साथ तीन अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने इस कांड की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। बरामद मोटरसाईकिलों में एक काला एवं लाल रंग का HF DELUX मोटरसाईकिल रजि.नं.- JH13F-5733, एक काला एवं सिल्वर रंग का HF DELUX व मोटरसाईकिल बिना नम्बर का, एक काला एवं लाल रंग का स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल बिना नम्बर का, एक काला रंग का स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल नं0- JH10CM-2976 और एक काला एवं लाल रंग का प्लसर मोटरसाईकिल नं0-JH10B - 7651 शामिल हैं।

## भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनायेंगे



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा जिले के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद यासीन ने अपने प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए कमर कस ली है।उन्होंने दलबल के साथ चुनाव प्रचार में अल्पसंख्यक बाहुल्य गांवों का दौरा किया और मुस्लिम मतदाताओं से कालीचरण सिंह को वोट देने की अपील की। अभियान में भाजपा जिला के पूर्व महामंत्री सरयू राम, भाजपा नेता कन्हैया कुमार, धनन्जय सिंह, मोहम्मद खुर्शीद आलम, मोहम्मद मन्नान, मोहम्मद तारिक, मोहम्मद कौशर सहित दर्जनों गण्यमान्य लोग शामिल थे। मोहम्मद यासीन ने कहा कि कालीचरण सिंह की जीत तय है, लेकिन वे चतरा वासियों को इस जीत को ऐतिहासिक बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के चतरा लोकसभा चुनाव में कालीचरण सिंह को सभी वर्गों और समुदाय का अपार समर्थन मिल रहा है और क्षेत्र की जनता उन्हें बेटा और चाचा कहकर अपनी समर्थन का भरोसा दिला रही है। मोहम्मद यासीन ने कहा कि चतरा लोकसभा चुनाव कालीचरण सिंह के प्यार में एकतरफा हो गया है।

## स्पीड न्यूज

### भाजपाईयों ने क्षेत्र में किया पथ सभा


पथ सभा में शामिल लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत व बारियातू पंचायत क्षेत्र में मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह के अध्यक्षता में पथसभा का आयोजन किया जहां बुथ अध्यक्ष एवं कमिटी के लोगों के साथ प्रभारी पप्पू सिन्हा सिंह, अनिल प्रसाद, किशोर प्रसाद, ब्रजमोहन राम, पवन प्रसाद, देवनंन्दन प्रसाद, झुलन प्रसाद, बालदेव साहु, सत्येंद्र कुमार सिंह, दुलाचंद पासवान, त्रिवेणी साव, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीलु सिंह ने कहा कि मोदीजी की गांरटी पक्की है। आपकी वोट की भी गांरटी पक्की हो और प्रयास भी पक्की हो क्रम संख्या 1 में कमल फुल छाप पर बटन दबा कर अपार मतों से बिजयी बनाने की अपील किया।

### झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय के वार्डन जिंदि को बर्खास्त करने की मांग


मांग करते रमेश उरांव।

**लातेहार।** अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने डीसी को आवदेन देकर झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय महुआडांड़ के वार्डन जिंदि को बर्खास्त करने की मांग की हैं। दिए गए आवेदन में श्री उरांव ने बताया कि उक्त विद्यालय के वार्डेन के द्वारा विद्यालय में पढ़ रहे छात्राओं को हमेशा प्रताड़ित किया जाता है। छात्राओं के शिकायत करने पर वाडन के द्वारा छात्राओ को विद्यालय से बाहर निकालने एवं अभद्र भाषा के साथ-साथ गाली गलौज किया जाता है। मामले का खुलासा वार्डन का एक विडीओ वायरल होने के बाद हुआ। छात्राओं को कहना है कि वार्डन बार-बार धमकी देते हुए कहती है कि मेरे खिलाफ किसी पदाधिकारी को शिकायत करेगी तो कि किड़ा डालकर भोजन खिलाया जायगा। वहीं कई दिनों तक सही भोजन भी नहीं दिया जाता हैं। छात्राओं के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ श्री उरांव ने वार्डन को उचित कार्रवाई कर उसे तत्काल बर्खास्त करने की मांग की हैं।

### भारतीय जनता पार्टी ने पथ सभा कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यलय में भारतीय जनता पार्टी मंडल हेरहंज के हेरहंज पंचायत में पथ सभा कार्यक्रम किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जयसवाल ने की। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बरियातु जिला परिषद् रमेश राम, कार्यक्रम के प्रभारी कन्हाई साहू, जिला मंत्री संतोष यादव, जिला कार्यसमिति सदस्य रंजीत जयसवाल, विजय गुप्ता, जिला महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्य जसमतिया देवी, मंडल उपाध्यक्ष कैलाश कुमार ठाकुर, मंच का संचालन महामंत्री श्यामलाल गोस्वामी, यदुनंदन प्रसाद, मुरली प्रसाद, मंडल मंत्री शंकर साव, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु रंजन, मंडल उपाध्यक्ष परमेश्वर विश्वकर्मा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अवधेश यादव, किसान मोर्चा अध्यक्ष गुड्डू वर्मा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष चिंतामणि देवी, सभी पंचायत के प्रभारी जितेंद्र यादव, बिहारी प्रसाद, राजेश जयसवाल, मनहोर सिंह, ऋतुराज जयसवाल, भाजयुमो उपाध्यक्ष जीतेश यादव, भाजयुमो महामंत्री पिंटू यादव, सभी बूथ के बूथ अध्यक्ष अखलेश यादव, कामेश्वर पासवान, अजय सिंह, बिनोद ठाकुर रौशन कुमार और सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पुलिस ने एक अज्ञात शव किया बरामद


मृतक व्यक्ति का शव।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत रांकीकला कला पंचायत स्थित नकटा जंगल से मनिका पुलिस के द्वारा पेड़ की डहनी पर फांसी के फंदे से झूलता हुआ एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन बुधवार को गांव के कुछ लोगों ने जंगल में पेड़ के डहनी पर फांसी के फंदे से लटका हुआ एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखा जिसके बाद इसकी जानकारी थाना प्रभारी मनिका जयप्रकाश शर्मा को दी गई जिसके तुरंत बाद थाना प्रभारी के द्वारा एएसआई मिश्रा मांझी को दल-बल के साथ उक्त स्थल पर भेजा गया जहां पर पुलिस की टीम ने मृतक व्यक्ति के शव को पेड़ से नीचे उतारा और अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। बता दें कि मृतक व्यक्ति के शव को देखने से प्रतीत होता है कि शव तीन-चार दिन पुराना है। जिसके कारण उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। वहीं मनिका पुलिस के द्वारा शव की पहचान करने के साथ-साथ पूरे मामले की गंभीरता पूर्वक जांच-पड़ताल की जा रही थी।

### लातेहार एसडीओ ने चलाया जागरूकता अभियान, मतदान करने की अपील


जागरूक करते एसडीओ।

**बालूमाथ।** लातेहार एसडीओ कौशल कुमार, बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव एवं अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने बुधवार को बालूमाथ प्रखंड छेत्र के शेरेगड़ा पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया एवं मतदाताओं को मतदान देने के लिए पर्ची का वितरण किया। मौके पर बोलते हुए एसडीओ कौशल कुमार ने कहा कि 20 मई को मतदान के दिन आप पहले मतदान करें उसके बाद जलपान करे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपका एक मत से सरकार अच्छी सरकार बन सकती है। उन्होंने ग्रामीणों से लोकतंत्र के उत्सव में बढ़ चढ़कर भागीदारी का आह्वान किया। वही अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने कहा आप अपने वोट का महत्व को समझे। अपने-अपने टोलो मोहल्ले में जो कोई जागरुक व्यक्ति हैं। वह अपने आसपास के लोगों को वोट देने के लिए जागरूक करें एवं मतदान अवश्य करने पर सहयोग करें। इस दौरान कई लोगों को मतदान देने के लिए मत पर्ची का वितरण किया गया। इस मौके प्रखंड कृषी पदाधिकारी मनीष पांडे समेत कई प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

# एक बार फिर मोदी सरकार बनाने को घर से निकल वोट जरूर करें : बबन पासवान

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के थाना के समीप स्थित शिव मंदिर के पास भारतीय जनता पार्टी मंडल मनिका के द्वारा दिन बुधवार को पथसभा कार्यक्रम का आयोजन भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष अमन कुमार के अध्यक्षता में किया गया। वहीं कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए जहां पर उपस्थित सभी कार्यकताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी समुदाय के लोगों को एक सूत्र में जोड़कर सभी का सम्मान करते हुए लाभ देने का काम किया है,उन्होंने किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया है और देश-विदेश में भी देश का नाम रौशन करने का कार्य किया है,देश में भारतीय जनता पार्टी ही है जो सभी धर्म का सम्मान करती है। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकताओं को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि 20 मई को अपने-अपने बूथों पर जाकर जरूर वोट देना है ताकि फिर से एक बार मोदी की सरकार बनाई जा सके और सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी बहुमत से विजय हासिल हो।

वहीं कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो मंडल महामंत्री चंदन कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। मौके पर मंडल महामंत्री धर्मजीत राय, कौशल किशोर प्रसाद, शंकर दुबे, सतनारायण प्रसाद, श्यामलाल पासवान, रीगा देवी, गुड्डी देवी, जयराम राय, पंकज गुप्ता, परमेश्वर सिंह, विकास पांडे, आनंद राय, पवन राय, सतनारायण सिंह,दीपक गुप्ता,अनुज पासवान, पूर्व उप प्रमुख उमेश यादव, पंकज यादव,राजू ठाकुर,समीम मियां, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# अलौदिया, चकला व हुटाप में भाजपा का पथ सभा संपन्न


पथ सभा में मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रचार प्रसार का दौरा तेज हो गया है। सभी राजनीतिक दल के लोग अपने-अपने प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे पथ सभा कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखण्ड के अलौदिया, चकला व हुटाप पंचायत में पथ सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पथ सभा मौजूद ग्रामीणों और पार्टी कार्यकताओं के बीच मोदी सरकार की गारंटी और भारतीय जनता पार्टी के नित्य सिद्धांतों को रखा गया व भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। अलौदिया में पथ सभा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, महेंद्र प्रसाद साहू ने विगत 10 वर्ष के कार्यकाल में केंद्र की मोदी सरकार ने देश में विकास की एक नई गाथा लिखी है। मोदी सरकार के आने के बाद भारत का गौरव विश्व पटेल पर काफी बढ़ गया है व भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। मोदी सरकार ने पूर्व में जनता के बीच जो भी वायदा किया उसे सरकार ने पूरा किया। बात कश्मीर से धारा 370 हटाने की बात हो, अयोध्या में प्रभु श्री राम का मंदिर निर्माण का हो या फिर कोरोना काल से अब तक देश के 80 करोड़ गरीबों के बीच निःशुल्क अनाज मुहैया कराने का हो, हर एक मोर्चे में केंद्र की सरकार बेहतर काम किया है, जिसका परिणाम है कि पूरे देश माहौल भाजपा के पक्ष में है। विपक्षी इंडी गठबंधन जनता को भय व तरह तरह के प्रलोभन दे रही है लेकिन जनता अब समझदार हो चुकी है। कार्यक्रम के मौके पर कुलामन साहू, दीपक निषाद, बिनोद ठाकुर, धनेश प्रसाद, मनीष गुप्ता, अनुज शाही, दुर्गा ठाकुर, मदन साव, रामप्रसाद साहू, प्रेम गुप्ता, कृष्णा कुमार, बिनय कुमार रिक्की, जगेश्वर गंझू समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विश्व रेड क्रॉस दिवस पर लगभग 70 लोगो ने कराई स्वास्थ्य जांच, आठ युनिट रक्त का किया गया संग्रह



मौके पर मौजूद अतिथि।

**लातेहार।** बुधवार को विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी लातेहार के तत्वाधान मे स्वीप कार्यक्रम के तहत बीआरसी के समीप स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बीपी शुगर समेत विभिन्न बीमारियों की जांच की गई और उचित परामर्श दिया गया। रेड क्रॉस के सचिव जावेद अख्तर ने बताया की उक्त स्वास्थ्य जांच शिविर मे लगभग 70 लोगो ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इसके बाद धर्मपुर स्थित ब्लड बैंक मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और लगभग आठ युनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर मे आए हुए लोगो को स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी बीस मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने को लेकर लोगो को जागरूक किया गया। मौके पर मुख्य रूप से सभापति महेंद्र प्रसाद गुप्ता, सुशील अग्रवाल, शत्रुधन प्रसाद, सचिव जावेद अख्तर, कोषाध्यक्ष विशाल चंद्र साहू, अधिवक्ता संजय कुमार, विशाल शर्मा, विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार, उमाकांत प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, राजदेव प्रसाद, आशीष कुमार मिन्नी, सुजीत यादव, शंभू प्रसाद, सुभाष महलका, मनोज यादव, नीरज सिंह पप्पन समेत कई लोग शामिल थे।

### भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न


बैठक करते भाजपाई।

खबर मन्त्र संवददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्तिथ भाजपा मंडल कार्यालय में बुधवार को मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा वरिष्ठ नेता रामजी सिंह, गिरधारी यादव शामिल हुए ।मौके पर मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, भाजपा नेता शैलेश सिंह एवं मंडल मंत्री प्रदीप यादव, अमित कुमार, लछमन कुशवाहा के द्वारा आगामी पथसभा कार्यक्रम को सभी पंचायतों में सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही चुनाव को देखते हुए चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को अपार मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया गया। वहीं आगामी 11 मई को सिमरिया प्रखंड में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में सभी पंचायत के ग्रामीणों को जागरूक करने व कार्यक्रम में भाग लेकर मोदी जी के बातो को सुनने की बात कहा गया। साथ ही अबकी बार 400 पार का नारा को पूरा करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, विजय यादव, रामकुमार गुप्ता, अशोक साहू, रंजित गुप्ता,अखिलेश भोक्ता सोमनाथ भगत,राजेंद्र प्रसाद, महावीर तुरी, रघुनंदन सोनी,छोटा अर्जुन, विजय साव, विजय ठाकुर, पवन यादव, जितेंद्र साव, नरेंद्र रजक, पंकज सिन्हा, प्रमेश पांडे समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजुद रहे। वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल महामंत्री विजय यादव ने किया।

## एक नजर में

### अलौदिया मुखिया की मौजूदगी में रा.प्रा.वि रेलवे कालनी में बैठक


शपथ लेते लोग।

**चंदवा।** अलौदिया स्थित प्राथमिक विद्यालय रेलवे कालनी में मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लोगों को आगामी 20 मई को होनेवाले लोकसभा चुनाव को लेकर जानकारियां साझा की गई। बताया गया कि लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाना हम सबों की जिम्मेवारी है। सभी लोग इसमें सार्थक सहभागिता निभाएं। खुद मतदान करें और दूसरें को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। बीएलओ विद्या रानी ने उपस्थित लोगो को मतदान दिवस के दिन धर्म, जाति, संप्रदाय से ऊपर उठकर बिना प्रलोभन व दबाव के निष्पक्ष और निर्भीक होकर शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। कहा कि उनके द्वारा सोच समझ कर किए गए मतदान से क्षेत्र का भाग्य संवर सकता है। सभी लोग मतदान करें औरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। मौके पर सुनील टोप्पो, शकुंतला देवी, दिशा कुमारी, रिंकी कुमारी, निहारिका कुमारी, जुलेखा बीवी, नाजनी बीवी, सुषमा कुमारी, शफीक मियां, सुधीर कुमार, फरजाना बीवी, आर्यन कुमार, दीपक कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

### बड़काडीह पंचायत में पथ सभा कार्यक्रम आयोजित



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के मटलोंग और बड़काडीह पंचायत स्तर पर भारतीय जनता पार्टी मनिका मंडल के तत्वाधान में दिन बुधवार को पथ सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़काडीह पंचायत में मुख्य वक्ता के रूप में मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह और मटलोंग में एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बबन पासवान उपस्थित रहे। मौके पर उपस्थित भाजपाइयों ने मोदी सरकार के उपलब्धियां को आम-अवाम के बीच बताते हुए आगामी 20 तारीख को कमल फूल पर बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को जिताने का आग्रह किया। वहीं 11 मई को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सिमरिया जाने के लिए भी लोगों से की गई। मौके पर सुमंत यादव, योगेंद्र सिंह, दरोगा सिंह, मंदीप कुमार, श्रीकांत उरांव, राजेश्वर सिंह, संतोष यादव, आकाश पटेल, बिनोद सिंह, अजय शर्मा, मनीष सिंह, महेश्वर उरांव, बिहारी सिंह, जितेंद्र शर्मा, मेघराज सिंह, नंदर सिंह, तेतर सिंह, अमरेश सिंह, अशोक सिंह, संदीप ठाकुर, मुकेश यादव, रोहित यादव, रमेश सिंह, शंकर सिंह, शंकर दुबे, गंगा यादव, विश्वनाथ राय, लक्ष्मण प्रसाद, धर्मजीत राय, पचु प्रसाद, पंकज भुइयां, प्रेमचंद यादव, सोहन लाल गुप्ता, यमुना सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### एकजुट होकर गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने की बनाएं रणनीति : रामचंद्र सिंह


कार्यकताओं से वार्ता करते विधायक।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में दिन बुधवार को स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने महागठबंधन के कार्यकताओं के साथ मुलाकात किया और आगामी चुनाव की तैयारी को लेकर बनाई जा रही रणनीति का जायजा लिया। मौके पर विधायक श्री सिंह ने उपस्थित सभी महागठबंधन के कार्यकताओं से आग्रह किया कि सभी एकजुट होकर महागठबंधन के उम्मीदवार के.एन.त्रिपाठी को पूर्ण बहुमत से जिताने के लिए अपने-अपने तरीके से राजनीतिक रणनीति बनाएं ताकि चतरा लोकसभा क्षेत्र से के.एन.त्रिपाठी को जीत हासिल हो सके। मौके पर विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, सुरेंद्र भारती, संजय सिंह, अरुण सिंह, तस्लीम अंसारी, अजय यादव, धनेश्वर सिंह, गुड्डू सिंह, विजय सिंह समेत महागठबंधन के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# देवी मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुन: स्थापित की गयी त्रिशूल व पिंडी

➲ मौके पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, जय माता दी के उद्घोष से गुंजायमान हुआ पुरा क्षेत्र

खबर मन्त्र संवाददाता


मंदिर।

**महुआडांड़।** महुआडांड प्रखण्ड के ग्राम चटकपुर स्थित देवी मंडप में बुधवार को पुरे वैदिक मंत्रोंच्चारण एवं पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार मंदिर निमार्ता स्व0 रामबृक्ष साव के वंशजों के द्वारा पुनः त्रिशूल एवं पिंडी की स्थापना की गई। पुरोहित का कार्य चटकपुर ग्राम के बैगा मोहन नागेसिया द्वारा ढोल नगाड़े एवं शहनाई की धुन में धूम धाम से स्थापित कर विधिवत पूजा पाठ किया गया। त्रिशूल एवं पिंडी के पुनः स्थापित करने के दरम्यान स्व0 रामबृक्ष साव के वंशज महेन्द्र प्रसाद, बद्रीनाथ प्रसाद, बालगोविन्द प्रसाद, रूपेश प्रसाद, विष्णु प्रसाद आदि सपरिवार मौजूद थे। वहीं आसपास के ग्राम के सनातन धर्मावलम्बी रामदत प्रसाद, मदन प्रसाद, कपिलदेव प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, संजय प्रसाद, रामप्रवेश प्रसाद, रमेश कुमार, बिट्टू कुमार, बिक्की कुमार, धर्मदेव प्रसाद, हीरू बड़ाइक, श्याम राम आदि समेत काफी संख्या में महिला पुरूष मौजूद थे। इस दरम्यान जय माता दी के उद्घोष से पुरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

**क्या था मामला?**

विगत कुछ दिन पहले चटकपुर ग्राम के ही रहने वाले धनंजय कुजूर पिता चुइठु कुजूर ने देवी मंडप के गर्भ गृह में घुसकर मंदिर में स्थापित त्रिशूल को उखाड़ कर फेक दिया गया था साथ ही मंदिर परिसर में तोड़-फोड़ कर माता में चढ़ाये गये चुड़ी, कलश आदि को तोड़ दिया था व चुनरी को भी उतारकर बाहर फेक दिया गया तथा जूठा आम, बिस्कुट आदि को देवी मंडप में चढ़ाने का घृणित कार्य भी किया था। हांलाकि सूचना पाकर महुआडांड एसडीपीओ हिमांशु चन्द्र मांझी व महुआडाड थाना प्रभारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में महुआडांड थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे व आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए।

# इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसम्पर्क अभियान


बैठक करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। प्रखंड क्षेत्र के बालूभांग पंचायत के सभी बुथो पर इंडिया गठबंधन प्रखंड पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने चतरा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ के एन त्रिपाठी को भारी मतों से विजयी बनाने को लेकर प्रचार अभियान चलाया। जिसमे इंडिया गठबंधन के पदाधिकारीयों ने कहा कि भाजपा सरकार के जुमलेबाजी का सरकार है सबका साथ सबका विकास, नारी सशक्तिकरण, बेटी बचाव बेटी पढ़ाव, अबकी बार 400 पार जैसे जुमलेबाजी करके जनता को धोखा देने का काम है। साथ ही, संप्रदायिकता, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व महंगाई चरम पर पहुँच चुका है, पदाधिकारियों व कार्यकताओं कांग्रेस के नितियो से मतदाताओं को अवगत कराते हुए कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष मे मतदान की अपील की। मौके पर राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार राजद प्रखंड अध्यक्ष लव कुश यादव, राजेंद्र गंझु, लाल आशिसनाथ शाहदेव पवन यादव, अमन यादव, संतोष यादव, मुकेश यादव संजय यादव सहित अनेको कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

## कांग्रेस व झामुमो ने माल्हन पंचायत में चलाया जनसंपर्क



चंदवा। इंडी गठबंधन समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के समर्थन में मंगलवार को इंडी गठबंधन दल के नेताओं ने बुधवार को प्रखण्ड के माल्हन पंचायत लोहरसी, गनियारी एवं प्रतापीटांड गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से कांग्रेस प्रत्याशी केएन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। झामुमो ने जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, केंद्रीय सदस्य दीपू सिन्हा, युवा नेता जतरु मुंडा, कांग्रेस नेता संजय दुबे ने कांग्रेस पार्टी के द्वारी चुनाव को लेकर जारी किए गए गारंटी कार्ड का वितरीत करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन देश के संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। 10 वर्ष के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने देश की बदहाली की ओर ले गया है। युवा बेरोजगार हैं, किसान, खिलाड़ी आंदोलन कर रहे हैं, देश की संपत्ति का कॉरपोरेट के हाथों बेची जा रही है। इसी के खिलाफ इंडी गठबंधन लड़ाई लड़ रही है। जन सम्पर्क अभियान के मौके पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण व गठबंधन दल के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बरवाडीह भाजपा ने किया पथ सभा का आयोजन

## पीएम मोदी ने देश को विश्व पटल पर मजबूत बनाने का किया है काम: मंजू सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में उपस्थित भाजपाई।

**बरवाडीह।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा प्रदेश कमेटी के निर्देश पर बरवाडीह पंचायत अंतर्गत गढ़वाटाड़ में पथ सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पथ सभा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कमेटी की सदस्य मंजू सिंह के साथ-साथ जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर, प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल और मण्डल कोषाध्यक्ष समेत अन्य नेताओं ने शिरकत की। पथ सभा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मंजू सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में देश को विश्व पटल पर मजबूत बनाने का काम किया है। साथ ही साथ देश के अंतिम व्यक्ति के विकास और महिला दलित आदिवासी के सम्मान को लेकर भी कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाते हुए ऐतिहासिक काम किया है, इसलिए एक बार फिर हम सबको नरेंद्र मोदी सरकार को लाना है। वहीं मौके पर मौजूद जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार के द्वारा 10 वर्षों के कार्यकाल में बिना रुके बिना थके सभी वर्ग के विकास और उन्नति की चिंता करते हुए कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम किया है, और यही कारण है कि पूरे देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी सरकार बनाने को लेकर जनता मूड बन चुकी है और हमारे लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे देश में भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत होने जा रही है। इस दौरान मौके पर झारखंड आंदोलनकारी नागेंद्र प्रसाद, बिरेंद्र ठाकुर, मुखिया कालो देवी, रेखा पाठक, प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री हेमंत कश्यप, कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद ओपी, दिलीप सिंह यादव, मीडिया प्रभारी राहुल मेहता, रीना देवी, अंकुश पाल, अनीता देवी, सबिता देवी, कलावती देवी और बसंती देवी समेत काफी सख्या में लोग मौजूद थे।

